**<u>संशोधन</u>**

**<u>संख्या-719/2026/001/1564/26-27-सिं0-9-88 भवन/26</u>**

प्रेषक,

राजेन्द्र प्रसाद यादव,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष,
सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

**सिंचाई एवं जल संसाधन अनुभाग-9** **लखनऊ दिनांकः 13 अगस्त 2026**

**विषयः-जनपद अल्मोड़ा में स्थित रामगंगा बांध कालागढ़ के उपकेन्द्र नौला में गेज रीडर व निरीक्षण हेतु भवन निर्माण का कार्य की परियोजना का शुद्धि-पत्र विषयक।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या-267/ 2026/001/802/26-27-सिं0-9-88 भवन/26, दिनांक 22 मई, 2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में विषयगत परियोजना की अनुमोदित लागतरू0 29.67 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति एवं अनुदान सं0-94 सिंचाई विभाग (निर्माण कार्य) के लेखाशीर्षक-4700-19-051-10-14-24 के अन्तर्गत धनराशि रू0 23.74 लाख (रू0 तेईस लाख चौहत्तर हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी थी। उक्त शासनादेश के विषय एवं प्रस्तर-1 मे **जनपद अल्मोड़ा में स्थित रामगंगा बांध कालागढ़ के उपकेन्द्र नौला में गेज रीडर व निरीक्षण हेतु भवन निर्माण का कार्य की परियोजना** के स्थान पर त्रुटिवश **जनपद अल्मोड़ा में स्थित रामगंगा बैराज बांध कालागढ़ के उपकेन्द्र नौला में गेज रीडर व निरीक्षण हेतु भवन निर्माण का कार्य की परियोजना** अंकित हो गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त शासनादेश दिनांक 22 मई, 2026 के विषय एवं प्रस्तर-1 में अंकित **जनपद अल्मोड़ा में स्थित रामगंगा बैराज बांध कालागढ़ के उपकेन्द्र नौला में गेज रीडर व निरीक्षण हेतु भवन निर्माण का कार्य की परियोजना** के स्थान पर **जनपद अल्मोड़ा में स्थित रामगंगा बांध कालागढ़ के उपकेन्द्र नौला में गेज रीडर व निरीक्षण हेतु भवन निर्माण का कार्य की परियोजना** पढ़ा जाय।

भवदीय,
राजेन्द्र प्रसाद यादव
अनु सचिव

<u>संख्या एवं दिनांक यथोक्त।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
(2) महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
(3) प्रमुख अभियन्ता (परियोजना), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
(4) मुख्य अभियन्ता (बजट/अग्रिम नियोजन), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
(5) मुख्य अभियन्ता (पूर्वी गंगा), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, मुरादाबाद।
(6) वित्त नियंत्रक, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
(7) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
(8) अनु सचिव (लेखा) एवं नोडल अधिकारी, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 शासन।
(9) गार्ड बुक।

आज्ञा से,
राजेन्द्र प्रसाद यादव
अनु सचिव